TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

**जयंती विशेष**

**03 दिसम्बर 2025**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार


वास्तविक शिक्षा हमें विनम्र बनाती है और

मानवता के प्रति सेवा की भावना पैदा करती है।

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद**

( भारत के प्रथम राष्ट्रपति )

जन्म : 03 दिसम्बर 1884 मृत्यु : 28 फरवरी 1963




राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org


मधु प्रिया

# डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती 3 दिसंबर



आज देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती है। डॉ. राजेंद्र प्रसाद का जन्म **3** दिसंबर **1884** को जीरादेई **(**बिहार**)** में हुआ था। उनके पिता का नाम महादेव सहाय एवं माता का नाम कमलेश्वरी देवी था। पिता फारसी और संस्कृत भाषाओं के विद्वान तो माता धार्मिक महिला थीं। वे सादगी पसंद, दयालु एवं निर्मल स्वभाव के व्यक्ति थे। बचपन में उनके प्रारंभिक पारंपरिक शिक्षण के बाद वे छपरा और फिर पटना चले गए। वहां पढ़ाई के दौरान कानून में मास्टर की डिग्री के साथ डाक्टरेट की विशिष्टता भी हासिल की। कानून की पढ़ाई के साथ-साथ वे राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल हुए। भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे।वे भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से थे और उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में प्रमुख भूमिका निभाई। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया था। राष्ट्रपति होने के अतिरिक्त उन्होंने भारत के पहले मंत्रिमंडल में **1946** एवं **1947** में कृषि और खाद्यमंत्री का दायित्व भी निभाया था। सम्मान से उन्हें प्रायः 'राजेन्द्र बाबू' कहकर पुकारा जाता है। **78** वर्ष की उम्र में इनका स्वास्थ्य बहुत गिरने लगा, जिससे वे हमेशा बीमार रहने लगे।स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद की मृत्यु **28** फरवरी, **1963** को पटना में हुई।

# जयंती विशेष 03 दिसम्बर




**राजेन्द्र प्रसाद** *Dr. Rajendra Prasad*, जन्म- 3 दिसम्बर, 1884, जीरादेयू, बिहार; मृत्यु- 28 फ़रवरी, 1963, सदाकत आश्रम, पटना) भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे। राजेन्द्र प्रसाद बेहद प्रतिभाशाली और विद्वान् व्यक्ति थे। राजेन्द्र प्रसाद, भारत के एकमात्र राष्ट्रपति थे जिन्होंने दो कार्यकालों तक राष्ट्रपति पद पर कार्य किया।

# TOB खेल कॉर्नर




## सबसे ज्यादा इंटरनेशनल मैच साथ खेलने वाली जोड़ी

| प्लेयर्स | मैच |
|---|---|
| महेला जयवर्धने-कुमार संगकारा | 550 |
| महेला जयवर्धने-तिलकरतने दिलशान | 426 |
| कुमार संगाकारा-तिलकरतने दिलशान | 418 |
| सनथ जयसूर्या-मुथैया मुरलीधरन | 408 |
| जैक कैलिस-मार्क बाउचर | 407 |
| रोहित शर्मा-विराट कोहली | 392 |
| सचिन तेंदुलकर-राहुल द्रविड़ | 391 |
| सनथ जयसूर्या-चमिंडा वास | 391 |

Teachers of Bihar
The Change Makers


# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 03.12.2025

## गैर-मौखिक संचार

गैर-मौखिक संचार वह प्रक्रिया है जिसमें बिना शब्दों का उपयोग किए संदेश, भावनाएं और विचार व्यक्त किए जाते हैं। इसमें शारीरिक भाषा, चेहरे के हाव-भाव, आँखों का संपर्क, मुद्रा और आवाज़ का लहजा जैसी चीजें शामिल हैं। यह अक्सर मौखिक संचार का पूरक होता है और हमारी भावनाओं को व्यक्त करने का एक शक्तिशाली तरीका है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



अमेरिका के चिली में स्थित अटाकामा रेगिस्तान दुनिया का सबसे सूखा स्थान है, इस रेगिस्तान के कुछ हिस्सों में आधुनिक मानव इतिहास में कभी भी बारिश रिकॉर्ड नहीं की गई है। यहाँ की जलवायु इतनी शुष्क है कि वैज्ञानिक इसे मंगल ग्रह के वातावरण के अनुरूप मानते हैं, और नासा (NASA) यहाँ मंगल मिशन के लिए उपकरण का परीक्षण करता है।

# पद्य पंकज

"


तप रे मधुर-मधुर मन!
विश्व-वेदना में तप प्रतिपल,
जग-जीवन की ज्वाला में गल,
बन अकलुष, उज्जवल औ' कोमल,
तट रे विधुर -विधुर मन!


---

**सुमित्रा नंदन पंत**

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
युवा क्रान्तिकारी
खुदीराम बोस
की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।
3 दिसंबर 1889-11 अगस्त 1908
Madhu priya
www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भारत के प्रथम राष्ट्रपति
एवं महान स्वतंत्रता
सेनानी
डॉ राजेंद्र प्रसाद
की जयंती पर
शत्-शत् नमन
जन्म- 3 दिसम्बर 1884
मृत्यु– 28 फरवरी 1963
www.teachersofbihar.org
Madhu priy


Siwan District
3 दिसंबर
सिवान
जिला स्थापना दिवस
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


3 दिसंबर
मुंगेर
जिला स्थापना दिवस
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Madhu priya
www.teachersofbihar.org